एलडीबी बैंक का फील्ड आफिसर दस हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया

लोन स्वीकृत कराने के नाम पर रकम मांगने का आरोप
एंटी करप्शन टीम ने रामापुर ओवरब्रिज के पास की कारर्वाई

रानीगंज, प्रतापगढ़। एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को रानीगंज स्थित उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास बैंक (एलडीबी) के फील्ड ऑफिसर हरिश्चंद्र चौरसिया को कथित तौर पर १० हजार रूपये रिश्वत लेते पकड़ लिया। कार्रवाई फतनपुर थाना क्षेत्र में रामापुर ओवरब्रिज के पास की गई। टीम आरोपी और उसके चालक को पूछताछ के लिए ले गई।

जानकारी के अनुसार, सुजहा गांव निवासी विजयकांत बिंद ने बैंक से २.७० लाख रूपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि ऋण स्वीकृत कराने के एवज में फील्ड ऑफिसर ने रकम की मांग की थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह पहले भी खाता खोलने के नाम पर दो हजार रूपये और आठ हजार रूपये दे चुका था। इसके बाद उसने एंटी करप्शन विभाग से शिकायत की। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। सोमवार को विजयकांत से कथित तौर पर १० हजार रूपये लेते समय टीम ने रामापुर ओवरब्रिज के पास कार रोककर कार्रवाई की।

बताया गया कि फील्ड ऑफिसर ने अपने बचाव में रूपये चालक आजाद सरोज को पकड़ा दिए। टीम ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। कार्रवाई का नेतृत्व एंटी करप्शन विभाग के मृत्युंजय मिश्रा ने किया। सूचना पर फतनपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


रामापुर ओवर ब्रिज के समीप आरोपित के खिलाफ कारर्वाई करती एंटी करप्शन पुलिस।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, तीन रिफर

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक के आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल तीन युवक जिला अस्पताल रेफर हुये है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। लीलापुर थाना क्षेत्र के डीहमेंहदीं गॉव के अरमान (२५) पुत्र ऐनाईद तथा उजैफा (१९) पुत्र इस्लामुद्दीन व रिहान (१८) पुत्र रियाज बाबू शाम करीब साढ़े चार बजे लालगंज से बाइक से रामपुर बावली जा रहें थे। जेठवारा थाना के मुरली का पुरवा निवासी अंश मिश्रा (१८) पुत्र सुशील अझारा गॉव से अपनी बहन के घर से लालगंज बाजार आ रहा था। लालगंज कालाकांकर रोड पर अझारा गॉव के समीप दोनो बाइके आमने-सामने टकरा गयी। दुर्घटना में सभी घायलों को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने अरमान को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अंश मिश्रा, उजैफा तथा रिहान को प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और मृतक अरमान के शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया।


दुर्घटना को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर में जुटी भीड़।

सड़क पार कर रहे युवक को मिनी ट्रक ने कुचला, मौत

पृथ्वीगंज बाजार में हादसा
चालक वाहन लेकर फरार

प्रतापगढ़। लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर देहात कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज बाजार में रविवार रात सड़क पार कर रहे युवक की मिनी ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के भगेसरा गांव निवासी दयाराम उर्फ चांदबाबू पटेल (३०) के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसका छोटा भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घर से बाहर चला गया है। दयाराम अकेले रहता था। रविवार रात वह पृथ्वीगंज बाजार में सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान रानीगंज से भुपियामऊ की ओर जा रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने उसे टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने युवक को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। पृथ्वीगंज चौकी प्रभारी अखिलेश प्रताप का कहना है कि मृतक की एक बहन बाहर रहती है। उसके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा

सांगीपुर, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने बीती दस अक्टूबर की रात पीड़ित के खेत में लगे समरसेबल पम्प के कमरे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सांगीपुर पुलिस ने घटना को लेकर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के सुजाखर निवासी अनिल कुमार तिवारी पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बदमाशों ने घटना के तहत दो झटका मशीन, बैटरी, चार्जर उड़ा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।


भवानीगंज में सजा दुर्गा पूजा पण्डाल।

सोते समय जहरीले जंतु के काटने से किशोर की मौत

प्रतापगढ़। रात को घर के भीतर सोते समय जहरीले जंतु के काटने से किशोर की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

बताते है कि मानधाता थाना क्षेत्र के वैशपुर गांव निवासी मनोज कुमार रावत का १५ वर्षीय पुत्र नैतिक रविवार रात घर के भीतर सो रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले जंतु ने काट लिया। कुछ देर बाद घरवालों को जगाकर बताया कि उसके पैर में किसी जंतु ने काट लिया है। परिवार वाले उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानधाता ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तबीयत में सुधार न होने पर उसे एनआरएस प्रयागराज ले जाया गया। वहां ले जाने पर उसकी मौत हो गई। परिजन सोमवार सुबह शव लेकर घर चले आए। बाद में कुछ लोगों के कहने पर झाड़फूंक कराने के लिए ले गए। वहां से भी निराश होने पर शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मवेशी को बचाने में पेड़ से टकरायी कार, तीन घायल


गौरा पूरे बदल में दुर्घटनाग्रस्त कार।

गौरा, प्रतापगढ़। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह गौरा पूरे बदल के पास सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, कार प्रतापगढ़ से वाराणसी की ओर जा रही थी। सुबह करीब छह बजे गौरा पूरे बदल के पास सड़क पर मवेशी को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में जयपुर, राजस्थान निवासी पवनराज सिंह, इंद्रवर्धन सिंह (११) और चालक विनय शर्मा घायल हो गए। इंद्रवर्धन सिंह को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिक चोट लगने के कारण एक घायल को परिजन अपने निजी वाहन से जयपुर ले गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

रामलीला समिति ने निकाली सीता उत्पत्ति की मनमोहक झांकी


कचहरी रोड पर मनमोहक झाँकी निकालते श्रद्धालु।

नगरवासियों ने बरसाये फूल, सीता माता के जयकारों से गूंजा बाजार

प्रतापगढ़। श्रीरामलीला समिति की ओर से रामलीला के दूसरे दिन सोमवार को सीता उत्पत्ति की मनमोहक झांकी निकाली गई। शाम चार बजे गोपाल मंदिर से शुरू हुई झांकी में राजा जनक और रानी सुलोचना को रथ पर सवार दिखाया गया। खेत में राजा जनक के हल चलाने के दौरान घड़े में माता सीता के प्राकट्य की लीला प्रस्तुत की गई।

झांकी गोपाल मंदिर से निकलकर भरत चौक, सदर बाजार होते हुए स्टेशन पहुंची। इसके बाद भरत चौक के रास्ते वापस गोपाल मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। झांकी के दौरान नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। माता सीता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश प्रताप सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप, बंटी नेता, शिवम खंडेलवाल, राहुल सोनी, विष्णु सोनी और विवेक यादव सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। समिति के अनुसार, मंगलवार १३ अक्टूबर को मुनि आगमन और ताड़का वध की झांकी निकाली जाएगी।

बेलखरनाथ धाम की ग्राम पंचायतों में मनाया गया विशेष रोजगार सृजन दिवस

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। विकसित भारत जीराम जी योजना के तहत ग्रामीण विकास को गति देने, समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने के उद्देश्य से सोमवार को बेलखरनाथ धाम ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष रोजगार सृजन दिवस मनाया गया।

इस दौरान सिंगठी खालसा, बिबियाकरनपुर, जयसिंहगढ़, गहरीचक, गजरिया, खूझीकला, वीरमऊ विशुनदत्त, प्रेमधर पट्टी, अमरपुर, परानपुर और दिलीपपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपायुक्त श्रम रोजगार दयाराम यादव और डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे ने ग्राम प्रशासकों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों को ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष १२५ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। इस मौके पर बीडीओ राजीव पांडेय, ग्राम प्रशासक भारत सिंह, धर्मेंद्र सरोज, दीपक सिंह, वीडीओ अभिजीत यादव, दुर्गेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मोना को प्रदेश कांग्रेस की कमान मिलने से कार्यकर्ताओं में हर्ष

प्रतापगढ़। रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से प्रतापगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी है।

मोना ने प्रदेश टीम में इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष तथा देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है।

वहीं चौधरी वीरेंद्र सिंह को कांग्रेस विधानमंडल दल का नेता बनाया गया है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की बेटी मोना लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनकी नियुक्ति को जिले में कांग्रेस संगठन के लिए नई उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

दिल्ली में अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार पर जताया आक्रोश, न्यायिक जांच की मांग

लालगंज, प्रतापगढ़। आल इंण्डिया रूरल बार एसोसियेशन ने दिल्ली में एसआईआर को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा उत्पीड़न की कार्यवाही पर सोमवार को आक्रोश जताया है।

तहसील परिसर में बैठक कर एसोसियेशन ने इस कार्यवाही को पूरी तरह न्याय की मंशा पर आघात कहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के सामने दिल्ली पुलिस द्वारा निषेधाज्ञा की नोटिस का बोर्ड लगाया जाना न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को जबरिया रोकना तथा उनके साथ दुर्व्यवहार पुलिस की तानाशाही है।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं की अवमानना की न्यायिक जॉच के आदेश पारित करने की मांग भी उठाई है।

अध्यक्षता करते हुये राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने दिल्ली हाईकोर्ट के विरोध प्रस्ताव को समर्थन दिये जाने का ऐलान किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जरूरत पड़ने पर एसोसियेशन के पदाधिकारी दिल्ली कूच भी करेंगे। बैठक का संचालन प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने किया।

इस मौके पर शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, दिनेश मिश्र, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मस्तराम पाल, शैलेन्द्र शुक्ल, शिव प्रसाद यादव, सुशील शुक्ल, श्याम पुष्पाकर, जीतेन्द्र कनौजिया, इरफान अली, अंकित सिंह, प्रभात श्रीवास्तव, मिथिलेश त्रिपाठी, सुमित त्रिपाठी, जीतेन्द्र तिवारी, बीडी पटेल आदि अधिवक्ता रहें।

संक्षिप्त समाचार

फीस नहीं जमा होने पर सौ बच्चों को स्कूल से लौटाने का आरोप

बाबागंज, प्रतापगढ़। विकास खण्ड क्षेत्र के पूरे बुद्धीधर स्थित बीडी इंटरमीडिएट कॉलेज में फीस जमा नहीं होने पर करीब १०० बच्चों को विद्यालय से लौटाने का आरोप लगा है। अभिभावक ने बच्चों को अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं होने देने की भी शिकायत की है। मामले में डीआईओएस से लेकर मुख्यमंत्री तक पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। पूरे बुद्धीधर निवासी कैलाश मिश्रा के अनुसार, उनके तीन बच्चे राज मिश्रा कक्षा आठ, सागर मिश्रा कक्षा सात और गौरव मिश्रा कक्षा छह में पढ़ते हैं। आरोप है कि सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर फीस जमा नहीं होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया गया। कैलाश मिश्रा का दावा है कि कक्षा आठ तक निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था के बावजूद बच्चों से फीस मांगी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि फीस न देने पर करीब १०० बच्चों को विद्यालय से लौटा दिया गया और अर्धवार्षिक परीक्षा में बैठने से भी रोका गया। अभिभावक ने डीआईओएस के अलावा मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और शिक्षा मंत्री को भी शिकायत भेजी है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

नवरात्र पर मिलावट रोकने को चला अभियान, चार खाद्य पदार्थों के लिये नमूने

प्रतापगढ़। नवरात्रि त्योहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। ?शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत जिले के विभिन्न बाजारों में छापेमारी कर चार खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ और जिलाधिकारी के आदेश पर सहायक आयुक्त खाद्य अभय कुमार सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने कार्रवाई की। इस दौरान कुंडा तहसील के नसीरउल्लापुर से साबूदाना, पट्टी तहसील के मंगरौरा बाजार से सिंघाड़े के आटे तथा प्रतापगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के अचलपुर कादीपुर से कुट्टू के आटे और घी का एक-एक नमूना लिया गया। कुल चार नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

नवरात्र के दूसरे दिन मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप के हुए दर्शन-पूजन

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को क्षेत्र के देवी मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों में मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने घट स्थापना कर मां शक्ति की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

क्षेत्र के ज्वाला देवी मंदिर मानिकपुर, मैया धाम परियावां और नौलखा मंदिर लवाना भवानीगंज सहित विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजा पंडालों में भी भक्तों ने मां के जयकारे लगाए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी तप और संयम की प्रतीक हैं। उनके दाएं हाथ में जपमाला और बाएं हाथ में कमंडल सुशोभित है। मान्यता है कि मां की उपासना से भक्तों में सदाचार, संयम और तप की भावना बढ़ती है। श्रद्धालु मां ब्रह्मचारिणी की कृपा प्राप्त करने के लिए विधिवत पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

सक्षम सिंह योगी बने सर्वजन सनातन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव

प्रतापगढ़। पट्टी तहसील निवासी सक्षम सिंह योगी को सर्वजन सनातन पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीबीआई के पूर्व निदेशक एम. नागेश्वर राव ने उन्हें नियुक्ति-पत्र सौंपा। राजा सक्षम सिंह योगी भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वह लंबे समय से सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। नई जिम्मेदारी के तहत वह पार्टी के विस्तार, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर पट्टी क्षेत्र सहित प्रतापगढ़ में समर्थकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी और सफल कार्यकाल की कामना की।

छात्राओं की शिकायतों के मामले में कांग्रेस सांसद के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने जताया विरोध

प्रतापगढ़। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रूचि केसरवानी के नेतृत्व में सोमवार दोपहर महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर कांग्रेस कार्यालय के सामने नारेबाजी की और सांसद का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान रूचि केसरवानी ने कांग्रेस पर महिला सम्मान के मुद्दे पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के नेता महिला सम्मान की बात करते हैं, लेकिन महिलाओं से जुड़े मामलों में पार्टी का रूख अलग दिखाई देता है। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व से मामले में अपना रूख स्पष्ट करने की मांग की। गौरतलब है कि जेएनयू में प्रोफेसर रहे कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम को छात्राओं की शिकायतों से जुड़े मामले में विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच के बाद सेवा से बर्खास्त किए जाने की बात सामने आई है। इसी मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। रूचि केसरवानी ने कांग्रेस नेतृत्व से इस प्रकरण पर जवाब देने की मांग की।

मंदिरों में उमड़े देवी भक्त, हुआ फ्लैग मार्च

लालगंज, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ी दिखी। वहीं प्रशासन ने रविवार की देर शाम ऐहतियातन फ्लैग मार्च भी किया। भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर बाबा का जलाभिषेक किया। वहीं मां दुर्गा की भी आरती उतारी। घरों में भी मां का पाठ हुआ। देवी मंदिरों में भी मेले का .श्य दिखा। लालगंज के परमानन्द आश्रम में मां काली, मां पीताम्बरा, मां विश्वमोहिनी तथा राधारानी का भव्य श्रृंगार देख भक्त मंत्रमुग्ध दिखे। रायबरेली रोड, प्रतापगढ़ रोड, कालाकांकर रोड तथा घुइसरनाथ रोड पर सजे पाण्डालों में भी दर्शन पूजन को भक्त उमड़े दिखे। वहीं नवरात्र को लेकर एसडीएम वाचस्पति सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने भारी फोर्स के साथ कस्बे समेत संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया। इनहन भवानी धाम, मां चौहर्जन देवी, ग्रामदेवी में भी रविवार की संध्या आरती में भजन संकीर्तन में भी देवी भक्तों को मां के जयघोष किया।

अधिकारियों की अनुपस्थिति पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नाराज

१५ तक मांगी योजनाओं, वक्फ संपत्तियों और मदरसों की विस्तृत रिपोर्ट

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मोहम्मद असलम ने अधिकारियों की अनुपस्थिति और विभागीय योजनाओं की अधूरी जानकारी पर कड़ी नाराजगी जताई। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की समीक्षा के लिए निर्धारित बैठक संबंधित अधिकारियों के नहीं पहुंचने से नहीं हो सकी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भी अनुपस्थित रहे। आयोग के सदस्य ने निर्देश दिया कि १५ अक्टूबर तक विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। समय सीमा में रिपोर्ट नहीं मिलने पर वैधानिक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजने की चेतावनी दी। बैठक में वक्फ संपत्तियों, मदरसों और अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की जानकारी भी मांगी गई। अधिकारियों के अनुसार, जिले में कुल १४१ मदरसे हैं। आयोग के सदस्य ने मदरसों को चंदे से मिलने वाली धनराशि के उपयोग की जांच के लिए समिति गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अभिलेख व्यवस्थित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

पट्टी-चांदा मार्ग पर गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा


पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी-चांदा मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में फंसकर दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसके बावजूद मरम्मत नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक, यह मार्ग सुल्तानपुर से होते हुए अयोध्या को जोड़ता है। इसके अलावा आमापुर और ढकवा के रास्ते जौनपुर तक जाने के लिए भी इसका इस्तेमाल होता है। प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां दिनभर छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। सड़क पर बने गड्ढों से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। अवधेश सिंह, सौरभ, आशीष बिंदु वर्मा, मनीष, अंकित, शिवम और संतोष समेत अन्य लोगों ने बताया कि सड़क की बदहाली के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है।

दवा विक्रेताओं को नारकोटिक दवाओं की बिक्री के नियम बताये

बिना वैध पर्चे के दवा बेचने पर होगी कारर्वाई, औषधि निरीक्षक ने दिये निर्देश

सांगीपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तहसील क्षेत्र के दवा विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें औषधि निरीक्षक शिव कुमार नायर ने दवा संचालकों को नारकोटिक दवाओं की खरीद-बिक्री के नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने और बिना वैध दस्तावेजों के दवाओं की खरीद-बिक्री करने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है। औषधि निरीक्षक ने निर्देश दिया कि नारकोटिक दवाओं की खरीद और बिक्री का अलग-अलग रजिस्टर बनाया जाए। ऐसी दवाएं डॉक्टर के वैध पर्चे पर ही दी जाएं और पर्चे की छायाप्रति सुरक्षित रखी जाए। उन्होंने दवाओं की खरीद के समय मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट जांचने तथा दुकानों में रखी दवाओं की नियमित जांच करने को कहा। उन्होंने दुकानों में साफ-सफाई और दवाओं के उचित रखरखाव पर भी जोर दिया। थोक दवा कारोबारियों को केवल फुटकर लाइसेंसधारी विक्रेताओं को ही दवा बेचने की हिदायत दी गई। बैठक में दवा संचालकों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनका समाधान किया गया। इस मौके पर अशोक धर द्विवेदी, लवलेश पांडेय, शिवा, आशीष, अंशु, पलक, आस्था, अनिल कुमार, दीप, शांति, आयुष, प्रदीप और विनोद अमावा सहित दर्जनों दवा विक्रेता मौजूद रहे।


सांगीपुर बाजार में दवाओं की बिक्री की बावत जानकारी देते औषधि निरीक्षक।


पासी समाज के अपमान पर आक्रोश हीरागंज में जुटे सैकड़ों लोग

बाबागंज, प्रतापगढ़। विधानसभा क्षेत्र के हीरागंज बाजार स्थित प्रकाशा देवी मैरिज हॉल में पासी समाज के सम्मान से जुड़े मुद्दे पर बैठक हुई। इसमें समाज के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सपा कार्यकर्ता की कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी समाज के सम्मानित लोगों के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है। समाज के सम्मान और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में सपा के पीडीए नारे का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिछड़ों, दलितों और वंचितों के सम्मान की बात करने वाले दलों के कार्यकर्ताओं के आचरण में भी इन मूल्यों की झलक दिखनी चाहिए। उन्होंने संबंधित दल के नेतृत्व से मामले में रूख स्पष्ट करने की मांग की। लोगों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाज अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल कर जवाब देगा। बैठक में सामाजिक एकता और राजनीतिक मर्यादा बनाए रखने पर जोर दिया गया।

पूजा-अर्चना के साथ नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन

एसपी दीपक भूकर ने मानिकपुर कस्बे में चौकी का किया उद्घाटन

प्रतापगढ़। थाना मानिकपुर क्षेत्र के कस्बा मानिकपुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का सोमवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया। कार्यक्रम अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर थाना मानिकपुर के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्राधिकारी कुंडा शिव नारायण वैश्य, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय और चौकी प्रभारी कस्बा मानिकपुर अमित कुमार सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। नवनिर्मित पुलिस चौकी के उद्घाटन से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी और व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। चौकी के माध्यम से स्थानीय लोगों को पुलिस से संबंधित समस्याओं के समाधान और शिकायतों के निस्तारण में सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद भी किया।


मानिकपुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी दीपक भूकर।

गुम हुए १४७ मोबाइल बरामद, लोगों को सौंपा

प्रतापगढ़। जिले के सभी थानों की पुलिस ने इलाके से गुम हुए १४७ मोबाइल बरामद कर संबंधित लोगों को सौंप दिया। मोबाइल बरामदगी में जिले को प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है। पुलिस के अनुसार, बरामद मोबाइल की कीमत २३.५२ लाख रूपये है। पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने बरामद मोबाइल संबंधित लोगों को सौंप दिए। पोर्टल पर दर्ज ट्रेसबिलिटी के सापेक्ष ८५ प्रतिशत मोबाइल बरामद किए गए। एएसपी ने बताया कि मोबाइल बरामदगी की प्रदेश रैंकिंग में प्रतापगढ़ पुलिस ने ३५ पायदान की छलांग लगाई है। अप्रैल में ४०वें स्थान पर रहने वाली पुलिस सितंबर में ५वें स्थान पर पहुंच गई।

जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज

प्रतापगढ़। जनपदीय सिंचाई बन्धु प्रतापगढ़ की बैठक १३ अक्टूबर को पूर्वान्ह ११ बजे कार्यालय सिंचाई खण्ड प्रतापगढ़ में आहूत की गयी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता व सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी।